डिजीटल अखबार

डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचईएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | आश्विनी कृष्ण पक्ष 04-2083 | भोपाल,दिन बुधवार,दिनांक 30 सितम्बर 2026

न्यूज गैलरी

बिना ओटीपी खाते से एक लाख निकले

भोपाल। कोतवाली क्षेत्र में राजेश जैन के बैंक खाते से पांच बार में एक लाख रुपए निकलने का मामला भी सामने आया है। पीड़ित के अनुसार उन्होंने न कोई लिंक खोला, न ओटीपी साझा किया और न ही किसी संदिग्ध कॉल पर बात की। बैंक से जानकारी मिलने के बाद उन्होंने खाता बंद कराया और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत की। जांच के बाद पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

शहर में सड़कों का मेंटेनेंस शुरू

भोपाल। बरसात थमते ही नगर निगम ने शहर की सड़कों के गड्ढे भरने शुरू कर दिए हैं। मंगलवार को गुलमोहर कालोनी, इन्द्रपुरी, सोनागिरी, होशंगाबाद रोड सहित बैरागढ़ क्षेत्र में मेंटेनेंस किया गया। निगम कमिश्नर संस्कृति जैन के निर्देश पर यांत्रिक विभाग ने गुलमोहर कालोनी स्थित सेवाय कॉम्प्लेक्स के आसपास के क्षेत्र के अलावा इन्द्रपुरी बी-सेक्टर, सोनागिरी [illegible] मनीषापुरम रोड और बैरागढ़ में सड़कों के गड्ढों में [illegible] सहित अन्य प्रकार का मटेरियल डाला। वार्ड 3 स्थित बैरागढ़ क्षेत्र में अंदरूनी इलाकों में सड़क में ज्यादा गड्ढे थे। इसलिए नगर निगम ने पहले यहां सड़क बनाना शुरू की है। एक महीने पहले भी यहां एक सड़क बन चुकी है।

एमबीबीएस इंटर्न्स ने स्टायपेंड बढ़ाने पर सीएम का आभार माना

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रदेश के एमबीबीएस इंटर्न्स ने स्टायपेंड वृद्धि के लिए आभार माना है। मुख्यमंत्री से मप्र राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेशचंद्र शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के इंटर्न्स प्रतिनिधियों ने मंत्रालय में मुलाकात की और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया। [illegible] इंटर्न्स संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि स्टायपेंड बढ़ाकर 21 हजार 500 रुपए करना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि एमबीबीएस इंटर्न्स के परिश्रम, जिम्मेदारियां और मरीजों की सेवा में योगदान के प्रति सम्मान और प्रोत्साहन का प्रतीक है।

अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा

भोपाल। सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित मथमथा पुलिया के पास अज्ञात वाहन ने एक युवक को रौंद दिया। मृतक के परिजनों का कहना है कि हादसे के 15 दिन बाद भी पुलिस आरोपी चालक और अज्ञात वाहन का सुराग नहीं लगा सकी है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से ग्राम मढ़ानी जिला रायसेन निवासी राकेश लोधी (22) बीते 15 सितंबर को विदिशा रोड स्थित मथमथा पुलिया के पास गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा मिला। उसके भाई रोहित लोधी ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार 28 सितंबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

कैश से भरा बैग ले भागा बदमाश

भोपाल। खजूरी सड़क थाना क्षेत्र में पान मसाला की दुकान से एक अज्ञात बदमाश बैंक कलेक्शन एजेंट का बैग चोरी कर ले गया। बैग में 40,600 रुपये का बैंक कलेक्शन, 12 हजार रुपये नकद, बैंक के दस्तावेज और आईडी रखी थी। चोरी गए सामान और नकदी की कुल कीमत करीब 52,600 रुपये है। पीड़ित निवासी पंकज नाथ महानगर बैंक बैरागढ़ में डेली कलेक्शन का काम करता है।

कैबिनेट के बड़े फैसले, अतिथि शिक्षकों का मानदेय पांच साल जारी, दमोह-कटनी फोरलेन को मंजूरी

24 हजार 500 करोड़ रुपए से अधिक की योजनाओं और परियोजनाओं पर मुहर, छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों को एक रुपए किलो मिलेगा खाद्यान्न

डीआर संवाददाता»भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश के विकास और जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में 24 हजार 500 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई। इनमें अतिथि शिक्षकों के मानदेय की व्यवस्था आगे जारी रखने, दमोह-कटनी मार्ग को फोरलेन बनाने और विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्धघुमन्तु वर्ग के छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों को रियायती दर पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने के फैसले शामिल हैं।

पांच साल जारी रहेगा अतिथि शिक्षकों का मानदेय

सरकारी स्कूलों में रिक्त स्वीकृत पदों पर सेवाएं दे रहे अतिथि शिक्षकों के मानदेय भुगतान की योजना को वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने की मंजूरी दी गई। इसके लिए 5,329 करोड़ 17 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। प्रदेश के प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में वर्तमान में 76 हजार से अधिक अतिथि शिक्षक सेवाएं दे रहे हैं। योजना जारी रहने से अगले पांच वर्षों तक उनके मानदेय भुगतान की व्यवस्था बनी रहेगी।

दमोह-कटनी मार्ग बनेगा फोरलेन

कैबिनेट ने दमोह-कटनी मार्ग की 105.51 किलोमीटर लंबाई को पेव्ड शोल्डर सहित फोरलेन में विकसित करने की मंजूरी दी। परियोजना हाइब्रिड एन्युटी मॉडल के तहत मॉडल कंसेशन एग्रीमेंट के आधार पर पूरी की जाएगी। इसकी कुल लागत 4,470 करोड़ 30 लाख रुपए निर्धारित की गई है। निर्माण लागत की 40 प्रतिशत राशि, यानी 965 करोड़ 15 लाख रुपए, निर्माण अवधि के दौरान मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज की लागत बढ़ी

छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, जिला अस्पताल और अन्य भवनों से जुड़े निर्माण कार्यों के लिए संशोधित प्रशासकीय स्वीकृति के तहत 963 करोड़ 60 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। पहले वर्ष 2022 में इसके लिए 778 करोड़ 22 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई थी। जीएसटी दर में बदलाव, विद्युत फीडर लाइन और नगर निगम की भवन अनुज्ञा फीस बढ़ने के कारण परियोजना लागत में वृद्धि हुई है।

छात्रावासों में एक रुपए किलो खाद्यान्न

विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्धघुमन्तु कल्याण विभाग के छात्रावासों, आश्रमों और सामुदायिक कल्याण केंद्रों में रहने वाले विद्यार्थियों एवं रहवासियों को अब एक रुपए प्रति किलो की दर से खाद्यान्न उपलब्ध कराने की मंजूरी दी गई है। इससे संस्थाओं में रहने वाले विद्यार्थियों को भोजन के लिए मिलने वाले गेहूं और चावल पर आर्थिक राहत मिलेगी। इस निर्णय से राज्य शासन पर करीब 82 लाख रुपए प्रतिवर्ष का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा।

वनोपज और खनिज परिवहन शुल्क की नई दरें

बैठक में राज्य में उत्पादित वनोपज, लघु वनोपज और बांस सहित अन्य राज्यों से आयातित वनोपज के परिवहन के लिए अभिवहन शुल्क और अनापत्ति प्रमाण-पत्र शुल्क की नई दरों को भी मंजूरी दी गई। खनिज परिवहन से संबंधित विभिन्न श्रेणियों के लिए भी शुल्क दरें निर्धारित की गई हैं। इसके अलावा सिंगरौली में 605 बिस्तरीय अस्पताल के लिए 372.12 करोड़ रुपए की पुनरीक्षित स्वीकृति, लोक स्वास्थ्य केंद्रों में नियामक व्यवस्था और औषधि नियंत्रण से जुड़े कार्यों के लिए 3,245.80 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई। विभिन्न जिलों की सिंचाई परियोजनाओं की निरंतरता, नए जिला दण्डाधिकारी कार्यालयों के लिए पद सृजन और न्यायालयों से संबंधित योजनाओं को भी कैबिनेट ने स्वीकृति प्रदान की।

पुलिस की घेराबंदी देख एक्टिवा छोड़ भागा संदिग्ध, 1.143 किलो गांजा जब्त

डीआर संवाददाता»भोपाल

बागसेवनिया पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1 किलो 143 ग्राम गांजा और बिना नंबर की एक्टिवा जब्त की है। पुलिस की घेराबंदी के दौरान संदिग्ध आरोपी मौके से वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक [illegible] बागमुगलिया के पास संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। उसके पास नीले रंग की बिना नंबर की एक्टिवा है और वाहन की डिग्गी में गांजा रखा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की।

पुलिस की गाड़ी देखकर संदिग्ध घबरा गया और एक्टिवा वहीं छोड़कर भागने लगा। वह अंधेरे का फायदा उठाकर कंजर बस्ती, 16 एकड़ और आसपास के रिहायशी क्षेत्र की ओर निकल गया। पुलिस टीम ने रात में आसपास के इलाकों में उसकी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका।

पुलिस ने एक्टिवा की तलाशी लेने पर उसमें से 1 किलो 143 ग्राम गांजा बरामद किया। इस वाहन के संबंध में जानकारी जुटाने के साथ तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर फरार आरोपी की पहचान की जा रही है।

उत्तर से आ रही ठंडी हवा ने बदला मौसम,सितंबर के आखिरी दिनों में भोपाल में रात का पारा 20 डिग्री के करीब

डीआर संवाददाता»भोपाल

मानसून की विदाई के दौर के बीच प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। सुबह और रात के तापमान में गिरावट से कई शहरों में हल्की ठंडक महसूस होने लगी है। भोपाल में न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन में पहली बार 20 डिग्री से नीचे पहुंचा। सितंबर के अंतिम दिनों में इस तरह की ठंडक कई सालों के बाद महसूस की गई है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इसे अभी सर्दी की शुरुआत नहीं माना जा सकता। दिन में धूप निकलने के कारण तापमान बढ़ेगा, जबकि रात में आसमान साफ रहने और नमी कम होने से तापमान में और गिरावट आ सकती है। इससे दिन और रात के तापमान में अंतर बढ़ने की संभावना है।

इंदौर में 16.6 डिग्री

इंदौर में न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सितंबर में पिछले एक दशक में शहर का सबसे कम न्यूनतम तापमान बताया गया है। इसके अलावा धार में 17.4, छिंदवाड़ा में 18.4, बैतूल में 18.8 और उज्जैन में 19 डिग्री तापमान दर्ज हुआ।

तीन कारणों से गिर रहा पारा

मौसम में बदलाव के पीछे बारिश की गतिविधियां कम होना, वातावरण में नमी घटना और उत्तर दिशा से ठंडी हवा का आना प्रमुख कारण माने जा रहे हैं। आसमान साफ होने पर रात में धरती की गर्मी तेजी से बाहर निकलती है, जिससे न्यूनतम तापमान में गिरावट आती है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान में भोपाल में आने वाले दिनों में आसमान मुख्य रूप से साफ रहने और न्यूनतम तापमान करीब 21-22 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान जताया गया है।

बालाघाट में बच्चों की मौत पर जवाब दे सरकार ,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ,पटवारी

डीआर संवाददाता»भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बालाघाट के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में बच्चों की मौतों को गंभीर और पीड़ादायक बताते हुए प्रदेश सरकार से स्वास्थ्य व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही पर स्पष्ट जवाब मांगा है। पटवारी ने कहा कि मीडिया रिपोर्टों में मलेरिया, खसरा, कुपोषण, एनीमिया और निमोनिया जैसे स्वास्थ्य कारणों का उल्लेख सामने आया है। उन्होंने सवाल उठाया कि दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में बीमार बच्चों तक समय पर जांच,



उपचार, दवाइयां, टीकाकरण और पोषण की सुविधाएं क्यों नहीं पहुंच सकीं। उन्होंने कहा कि सरकार को आदिवासी अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और प्रभावित परिवारों को आवश्यक उपचार उपलब्ध कराने में हुई कमियों की जांच करनी चाहिए। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कर दोषियों की जिम्मेदारी तय करने की मांग की। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को तत्काल मजबूत किया जाए। बच्चों की मौतों की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच हो। प्रत्येक पीड़ित परिवार को न्याय और आवश्यक सहायता मिले। स्वास्थ्य व्यवस्था में हुई लापरवाही की जिम्मेदारी तय की जाए। दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में डॉक्टर, दवाइयां, जांच और पोषण सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।

एक्शन मोड में आई भाजपा, नई टीम की पहली बैठक में संगठन की होगी समीक्षा

डीआर संवाददाता»भोपाल

प्रदेश भाजपा ने संगठन को चुनावी मोड में सक्रिय करने की कवायद तेज कर दी है। पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी विपिन कुमार देव और प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर की मौजूदगी में 30 सितंबर को भोपाल में प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक होगी। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद दोनों नेताओं की प्रदेश में यह पहली महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक होगी। इसके साथ ही प्रदेश प्रभारी का दो दिवसीय दौरा बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन की कार्यप्रणाली समझने पर केंद्रित रहेगा। देव 30 सितंबर को भोपाल पहुंचेंगे। उनके साथ सह प्रभारी रेखा वर्मा और संगठन महामंत्री चंद्रशेखर भी रहेंगे। प्रदेश कार्यालय में होने वाली बैठकों में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, बूथ स्तर की सक्रियता और प्रदेश संगठन के कामकाज पर चर्चा होगी।

बूथ अध्यक्षों के घर चाय भोजन से शुरुआत

प्रदेश प्रभारी के दौरे में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद को खास महत्व दिया गया है। देव बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं के घर चाय-भोजन करेंगे। कार्यक्रम में बूथ नंबर 89 की कार्यकर्ता गीता जाटव के साकेत नगर स्थित निवास पर भोजन और बूथ नंबर 49 के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता के कोटरा सुल्तानाबाद स्थित निवास पर चाय का कार्यक्रम तय [illegible]

---

13 दिन में राहुल गांधी का दूसरा मप्र दौरा, कल बालाघाट आएंगे,मृत बच्चों के परिजनों से मिलेंगे

डीआर संवाददाता»भोपाल।

मप्र के बालाघाट में बैगा आदिवासी बच्चों की मौतों के बीच लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक अक्टूबर को बालाघाट आएंगे। वे बैहर और बिरसा के प्रभावित आदिवासी इलाकों में जाकर मृत बच्चों के परिवारों से मुलाकात करेंगे। बालाघाट में सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 32 बच्चों की मौत हो चुकी है। राहुल गांधी का 13 दिन में मप्र में यह दूसरा दौरा होगा। इससे पहले वे 18 सितंबर को इंदौर आए थे। यहां उन्होंने छात्रों की यूथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। कार्यक्रम से पहले उन्होंने लिखा था-30 से ज्यादा आदिवासी बच्चों की बीमारी, कुपोषण मौतें हो रही हैं, लेकिन कार्रवाई सुस्त रही। सरकार सोती रही। मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बताया कि राहुल गांधी मृत बच्चों के परिवार वालों से मिलकर जमीनी हालात समझेंगे। उनसे जानेंगे कि सरकारी योजनाओं का लाभ आदिवासी परिवारों तक क्यों नहीं पहुंचा। बच्चों को पोषण, दलिया, मच्छरदानी और टीकाकरण जैसी जरूरी सुविधाएं नहीं मिल पाईं। इसके बाद राहुल गांधी मीडिया से चर्चा कर नई दिल्ली रवाना हो जाएंगे। वहीं, मृत बच्चों के परिवारों को आर्थिक मदद देने पर सिंघार ने कहा कि सिर्फ सहायता देना काफी नहीं है। सरकार की जिम्मेदारी है कि उसकी योजनाएं हर जरूरतमंद तक पहुंचें। स्वास्थ्य मंत्री की जिम्मेदारी तय नहीं की गई, मुख्यमंत्री ने चुप्पी साध ली।

कार्रवाई गोपनीय कारोबारी दस्तावेज सार्वजनिक करने की धमकी, यू-ट्यूबर पर 10 लाख मांगने का केस

कथित ब्लैकमेलिंग के आरोप में क्राइम ब्रांच की कार्रवाई, सात मिनट के वीडियो में गंभीर आरोप लगाने की शिकायत

डीआर संवाददाता»भोपाल

गोपनीय कारोबारी और वित्तीय दस्तावेज सार्वजनिक करने की धमकी देकर 10 लाख रुपए मांगने के आरोप में क्राइम ब्रांच ने भोपाल निवासी यू-ट्यूबर प्रवेश गौतम के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कार्रवाई इंद्रपुरी निवासी विनय पिंगले और भोपाल निवासी विपिन खंडेलवाल की शिकायत के आधार पर की गई। पिंगले इनोवेटिव फैब सेंटर के प्रोपराइटर हैं, जबकि खंडेलवाल कंपनी के सीईओ और सिविल इंजीनियर हैं। एडिशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया के अनुसार, इनोवेटिव फैब सेंटर को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत काम मिला है। शिकायत

में आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने मध्यस्थ सुनील आनंद के माध्यम से खंडेलवाल से 10 लाख रुपए की मांग की। रकम नहीं देने पर सरकारी विभागों में शिकायत करने की धमकी देने का भी आरोप है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, 22 सितंबर 2026 को लोक निर्माण विभाग में शिकायत की गई थी। विभागीय जांच में आरोप निराधार पाए जाने का दावा किया गया है। इसके बाद फेसबुक और वेबसाइट पर संबंधित सामग्री प्रसारित की गई। अगस्त 2026 के एक ई-मेल में बैंक लेन-देन, आयकर विवरण और अन्य कारोबारी दस्तावेजों से जुड़े सवाल भेजे जाने की बात भी शिकायत में कही गई है।

वीडियो में लगाए गंभीर आरोप

शिकायत के मुताबिक यू-ट्यूब चैनल पर सात मिनट से अधिक का वीडियो प्रसारित किया गया। इसमें भ्रष्टाचार, मनी लॉन्ड्रिंग, कूटरचित दस्तावेज और सरकारी व्यवस्था से धोखाधड़ी जैसे आरोप लगाए गए। पुलिस ने जबरन वसूली के प्रयास, ब्लैकमेलिंग, धोखाधड़ी और कथित गोपनीय डिजिटल दस्तावेज सार्वजनिक करने सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

पांच करोड़ रुपए की मानहानि का नोटिस

शिकायतकर्ताओं ने अधिवक्ता मयंक जोशी के माध्यम से आरोपी को मानहानि का नोटिस भी भेजा है। इसमें वीडियो और पोस्ट हटाने, माफी मांगने और पांच करोड़ रुपए हर्जाने की मांग की गई है।

केन्द्रीय मंत्री अमित शाह 3 अक्टूबर को भोपाल आएंगे

डीआर संवाददाता»भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 3 अक्टूबर को केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह प्रदेश को कई सौगातें देने भोपाल आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न बैठक में केंद्रीय मंत्री शाह के प्रस्तावित दौरे के संबंध में मुख्य सचिव सहित वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा अधिकारियों को जरूरी तैयारियों के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 3 अक्टूबर को भेल दशहरा मैदान में राज्यस्तरीय गौपालक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन स्थल पर केंद्रीय मंत्री शाह न्याय संहिता पर केंद्रित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद वे गौपालक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। केंद्रीय मंत्री शाह भौंरी के पास आईआईएसईआर परिसर का शिलान्यास और परिसर में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। शाम को केंद्रीय मंत्री शाह नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय मंत्री शाह दुग्ध संयंत्र, डेयरी प्रसंस्करण और गुणवत्ता जांच लैब की सौगात भी देंगे। इन परियोजनाओं में उज्जैन में 258 करोड़ से डेयरी प्लांट और भोपाल में [illegible] प्रोडक्ट यूज प्लांट भी शामिल है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विनी कृष्ण पक्ष 04-2083 सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 30 सितम्बर 2026

न्यूज गैलरी

परामर्शदात्री समिति की बैठक 5 अक्टूबर को

सीहोर। जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 5 अक्टूबर को सायं 5 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत कर्मचारी हित से संबंधित मांगों, एजेंडा एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में शासन से मान्यता प्राप्त संगठनों के पदाधिकारी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि ही उपस्थित हो सकेंगे।

खिलौना निर्माण क्लस्टर में 49 भूखंडों का होगा आवंटन

सीहोर। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा जिले के औद्योगिक क्षेत्र टॉय क्लस्टर बकतरा, बुधनी में खिलौना निर्माण हेतु रिक्त 49 औद्योगिक भूखंडों के आवंटन के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक 1 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से 15 अक्टूबर 2026 को अपराह्न 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन प्रक्रिया विभागीय पोर्टल [illegible] के माध्यम से संपन्न की जाएगी। प्रत्येक भूखंड के लिए आवेदन शुल्क 5000-रुपये निर्धारित किया गया है, जो वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदकों को आवेदन की तिथि को प्रचलित प्रीमियम की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि भी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी। भूखंडों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम, 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

कृषकों को दी गई आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी

सीहोर। आत्मा योजना एवं रोड मैप के अंतर्गत विकासखंड इछावर के कृषकों को कृषि की नवीन एवं उन्नत तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत चयनित 20 कृषकों को केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान (सीआईएई), भोपाल एवं भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान (आईआईएसएस), भोपाल का भ्रमण एवं प्रशिक्षण कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान कृषकों को आधुनिक कृषि तकनीकों, कृषि यंत्रों के उपयोग, फसल अवशेष प्रबंधन तथा वैज्ञानिक पद्धतियों से खेती करने के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की गई।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर लगेगा शिविर

सीहोर राष्ट्रीय वृद्धजन देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 1 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय सीहोर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक जिला चिकित्सालय के ट्रॉमा सेंटर के पीछे स्थित भवन में किया जाएगा। शिविर में 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।

उचित मूल्य दुकान आवंटन के लिए करें आवेदन

सीहोर अनुविभागीय अधिकारी (खाद्य शाखा) भैरूंदा द्वारा ग्राम पंचायत मंडीखेड़ी में रिक्त शासकीय उचित मूल्य दुकान के आवंटन के लिए संशोधित प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई है। दुकान आवंटन के लिए पात्र संस्थाओं एवं समूहों से 29 सितम्बर से 8 अक्टूबर तक

ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग मंडी की जर्जर सड़क पर नपाध्यक्ष ने पीडब्ल्यूडी से मांगा जवाब

प्रिंस राठौर बोले - पीडब्ल्यूडी की सड़क पर नगर पालिका कब तक कराएगी पेचवर्क, जिम्मेदार ठेकेदार पर कार्रवाई क्यों नही

डीआर संवाददाता›सीहोर

मंडी क्षेत्र की जर्जर सड़क को लेकर बढ़ते जनआक्रोश और 30 सितंबर को प्रस्तावित चक्काजाम के वायरल संदेश के बीच नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने मोर्चा संभाला। वे लोक निर्माण विभाग के कार्यालय पहुंचे और कार्यपालन यंत्री को ज्ञापन सौंपकर सड़क की स्थिति और जिम्मेदार अधिकारियों से जुड़े सवाल उठाए। नपाध्यक्ष ने अधिकारियों से सड़क की जल्द मरम्मत कराने की मांग की।

प्रिंस राठौर ने कहा कि मंडी क्षेत्र की मुख्य सड़क लंबे समय से खराब है। माता मंदिर से मंडी चौराहे और नरसिंहगढ़ नाका तक सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इससे वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह सड़क लोक निर्माण विभाग के क्षेत्राधिकार में आती है, इसके बावजूद जनहित को देखते हुए नगर पालिका की ओर से कई जगह पेचवर्क कराया जा रहा है।

ठेकेदार पर कार्रवाई को लेकर सवाल

नपाध्यक्ष ने अधिकारियों से सवाल किया कि सड़क निर्माण के करीब एक साल के भीतर ही सड़क की हालत खराब हो गई तो जिम्मेदार ठेकेदार पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई। उन्होंने ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने सहित अन्य कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट करने को कहा। राठौर ने कहा कि सड़क की मरम्मत के लिए बार-बार अस्थायी पेचवर्क कराने के बजाय स्थायी समाधान किया जाना चाहिए।

30 सितंबर को चक्काजाम का संदेश

मंडी क्षेत्र की सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों को लेकर स्थानीय लोगों और वाहन चालकों में नाराजगी है। सोशल मीडिया पर 30 सितंबर को सड़क की बदहाली के विरोध में प्रदर्शन और चक्काजाम का संदेश भी प्रसारित हो रहा है। इसी बीच नपाध्यक्ष के पीडब्ल्यूडी कार्यालय पहुंचने से सड़क की समस्या को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सक्रियता बढ़ी है।

हजारों वाहनों की आवाजाही

यह सड़क सीहोर और श्यामपुर क्षेत्र को जोड़ने के साथ जयपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से भी जुड़ती है। इस मार्ग से ब्यावरा, नरसिंहगढ़, राजगढ़, गुना, ग्वालियर और राजस्थान की ओर जाने वाले वाहन गुजरते हैं। सड़क पर गड्ढों के कारण वाहन चालकों को परेशानी होती है और दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है।

30 करोड़ की लागत से हुआ था निर्माण

जानकारी के अनुसार करीब दो से ढाई वर्ष पहले लगभग 30 करोड़ रुपए की लागत से 24 किलोमीटर लंबी सीहोर-श्यामपुर सड़क का निर्माण एमपीआरडीसी और पीडब्ल्यूडी के समन्वय से कराया गया था। निर्माण में फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक का उपयोग किया गया था। सड़क की गुणवत्ता और टिकाऊपन को लेकर दावे किए गए थे, लेकिन बारिश के बाद कई हिस्सों में सड़क खराब हो गई।

पहले कराया गया पेचवर्क भी कई स्थानों पर उखड़ चुका है। अब नपाध्यक्ष ने विभाग से सड़क की स्थिति सुधारने और जिम्मेदारी तय करने की मांग की है।

पीजी कॉलेज परिसर में धरना देकर कार्यकर्ताओं ने उच्च शिक्षा विभाग से कार्रवाई की मांग की

डीआर संवाददाता›सीहोर

प्रधानमंत्री एक्सीलेंस पीजी कॉलेज में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के कथित अपमान का मामला एक बार फिर सामने आया है। इसे लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कॉलेज परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। संगठन ने कॉलेज के प्राचार्य को तत्काल निलंबित करने की मांग उच्च शिक्षा विभाग से की है।

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष हरिओम सिसोदिया के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मामले में कार्रवाई की मांग उठाई। एनएसयूआई का आरोप है कि कॉलेज प्राचार्य की ओर से संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान किया गया है। संगठन का कहना है कि इस मामले को लेकर पहले भी कॉलेज में विरोध दर्ज कराया जा चुका है, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण मंगलवार को दोबारा प्रदर्शन किया गया।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर से जुड़े सम्मान के मामले में जिम्मेदार लोगों की भूमिका की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। एनएसयूआई ने उच्च शिक्षा विभाग से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और कॉलेज प्राचार्य को निलंबित करने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मामले में सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि उनकी मांग पूरी होने तक वे इस मुद्दे को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाते रहेंगे।

प्रदर्शन में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष [illegible] ठाकुर, उपाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा, [illegible] यादव, प्रमोद वर्मा, अनुभव सेन, [illegible], [illegible], प्रशांत मालवीय, दिव्यांश और रवि सेन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत करियर काउंसलिंग आयोजित

सीहोर। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत [illegible] कॉलेज सीहोर में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। काउंसलिंग के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न कैरियर विकल्पों, रोजगार के अवसरों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। करियर काउंसलिंग कार्यक्रम में कुल 106 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

बनेटा से रामनगर तक ग्रामीणों में चिंता, वन विभाग ने मुनादी कर जंगल जाने से रोका

डीआर संवाददाता›सीहोर

शाहगंज क्षेत्र के बनेटा, बांद्राभान और रामनगर गांवों के आसपास बाघ की लगातार चहलकदमी की सूचनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बनेटा और बुधनिया के बीच निर्माणाधीन नेशनल हाईवे पर बाघ के टहलने का वीडियो सामने आने के बाद वन विभाग भी सतर्क हो गया है। विभाग ने प्रभावित गांवों में मुनादी कराकर लोगों को जंगल की ओर नहीं जाने की हिदायत दी है।

बताया जा रहा है कि पिछले तीन-चार दिनों से क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी की सूचनाएं मिल रही हैं। इसी दौरान हाईवे से गुजर रहे एक कार चालक ने बाघ को सड़क के आसपास घूमते देखा और मोबाइल से उसका वीडियो बना लिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई।

बांद्राभान और रामनगर में भी हलचल

ग्रामीणों के अनुसार बनेटा के अलावा बांद्राभान और रामनगर क्षेत्र में भी बाघ की गतिविधियां देखे जाने की बात सामने आई है। रामनगर के पास ग्रामीणों द्वारा बाघ को [illegible] खेतों में [illegible] का वीडियो भी सामने आया है। हालांकि वन विभाग ने अलग-अलग स्थानों पर देखे गए बाघों के आधार पर एक से अधिक बाघ होने की पुष्टि नहीं की है। ग्रामीण क्षेत्र में बाघ के हमले में एक गाय के घायल होने की सूचना भी सामने आई है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। इससे पशुपालकों की चिंता बढ़ गई है।

वन विभाग ने बढ़ाई सतर्कता

डिप्टी रेंजर [illegible] सिंह [illegible] ने बताया कि क्षेत्र में मुनादी करा दी गई है। ग्रामीणों को जंगल की ओर जाने से रोका गया है और बाघ की गतिविधियों वाले क्षेत्रों में पूरी तरह सतर्क रहने की समझाइश दी जा रही है। विभाग लोगों से अपील कर रहा है कि बाघ दिखाई देने पर उसके करीब न जाएं और उसे उकसाने की कोशिश न करें।

कांग्रेसजनों ने जयंती पर किया भगत सिंह को नमन

डीआर संवाददाता›सीहोर

सोमवार को जिला कांग्रेस के प्रवक्ता पंकज शर्मा के नेतृत्व में कई कांग्रेसजनों ने जिला कांग्रेस के कार्यालय में शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती पर उनको श्रद्धासुमन अर्पित करके नमन किया। सबसे पहले सभी कांग्रेसजनों ने भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर और पुष्प अर्पित कर उनको अपने श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर पंकज शर्मा ने कहा कि अमर शहीद भगत सिंह का जीवन हम सभी के प्रेरणास्रोत है। उन्होंने मात्र 23 वर्ष की आयु में ही देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। देश की आजादी के महानायक थे। अपनी जान की कुर्बानी देने वाले ऐसी महान हस्तियों से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। पंकज शर्मा ने आगे कहा कि भगत सिंह के विचार आज के समय में भी प्रासंगिक हैं और आज हमें उनके बताए मार्ग पर चलने की बहुत ज्यादा आवश्यकता है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही हमारा देश राष्ट्र में महान और शक्तिशाली बन सकता है इसलिए हमें उनकी बताई सीखों को ध्यान रखते हुए उन पर अमल करने का प्रयास करना चाहिए, यही सच्ची देश सेवा होगी। पंकज शर्मा ने अंत में कार्यक्रम में शामिल सभी **कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त किया।**

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश गुप्ता, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि सतीश दलोदिया, श्री हर्ष गुप्ता, जनपद सदस्य प्रतिनिधि जय सिंह भाटी, राजेश रैकवार, नावेद खान, भगत सिंह तोमर आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

---

29 सितंबर को सीहोर में 5233 और अहमदपुर मंडी में 305 क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज

डीआर संवाददाता› सीहोर अहमदपुर

जिले की सीहोर और अहमदपुर कृषि उपज मंडियों में 29 सितंबर को गेहूं और सोयाबीन की आवक रही। सीहोर मंडी में विभिन्न कृषि उपज की कुल 5233 क्विंटल आवक दर्ज की गई। इसमें गेहूं और सोयाबीन की प्रमुख आवक रही। सोयाबीन पीला का मॉडल भाव 5560 रुपए प्रति क्विंटल रहा।



सीहोर मंडी में गेहूं लोकवन की 960 क्विंटल आवक हुई। इसके भाव 2705 से 3056 रुपए प्रति क्विंटल रहे, जबकि मॉडल भाव 2829 रुपए रहा। गेहूं मिल की 622 क्विंटल आवक में मॉडल भाव 2606 रुपए रहा। शरबती गेहूं का मॉडल भाव 3701 रुपए और मालवराज गेहूं का 2877 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

सोयाबीन की 1676 क्विंटल आवक

सीहोर मंडी में सोयाबीन पीला की 1676 क्विंटल आवक दर्ज हुई। इसके भाव 4000 से 5895 रुपए प्रति क्विंटल रहे। मॉडल भाव 5560 रुपए रहा। चना लाल का मॉडल भाव 6860 रुपए और चना सफेद का 7360 रुपए प्रति क्विंटल रहा। लहसुन की 617 क्विंटल आवक हुई। इसके भाव 6190 से 16801 रुपए प्रति क्विंटल रहे, जबकि मॉडल भाव 9500 रुपए रहा। मंडी में अन्य कृषि उपज की भी आवक दर्ज की गई।

अहमदपुर में गेहूं का मॉडल भाव 2655 रुपए

अहमदपुर मंडी में 29 सितंबर को गेहूं की 285 क्विंटल आवक हुई। इसके भाव 2510 से 2709 रुपए प्रति क्विंटल रहे और मॉडल भाव 2655 रुपए दर्ज किया गया। सोयाबीन की 20 क्विंटल आवक में भाव 5051 से 5315 रुपए रहे, जबकि मॉडल भाव 5205 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

इस तरह अहमदपुर मंडी में गेहूं और सोयाबीन की कुल 305 क्विंटल आवक दर्ज की गई। मंडी में फसलों की आवक के साथ उनके न्यूनतम, अधिकतम और मॉडल भाव दर्ज किए गए।

पत्रकार वार्ता कांग्रेस पर भ्रम फैलाने का आरोप, भाजपा ने चुनाव आयोग के स्पष्टीकरण का हवाला दिया

रचना मेवाड़ा बोलीं - कैबिनेटसचिव को भेजे पत्र को लेकर भी गलत जानकारी फैलाई

डीआर संवाददाता› सीहोर

विशेष गहन पुनरीक्षण (ऐ) को लेकर कांग्रेस और विपक्ष की ओर से लगाए जा रहे आरोपों के बीच भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा ने भाजपा मीडिया प्रभारी प्रिंसेश राठौर और भाजपा नेता सुरेंद्र मेवाड़ा के साथ पत्रकारों को चुनाव आयोग के स्पष्टीकरण की जानकारी दी।

रचना मेवाड़ा ने कहा कि चुनाव आयोग के 26 सितंबर के संयुक्त वक्तव्य में विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े प्रमुख निर्णयों को लेकर स्थिति स्पष्ट की गई है। उन्होंने कहा कि आयोग के अनुसार प्रमुख निर्णय सभी चुनाव आयुक्तों की सहमति से लिए गए हैं।

उन्होंने कैबिनेट सचिव को भेजे गए पत्र को लेकर भी भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। मेवाड़ा के अनुसार, चुनाव आयोग के स्पष्टीकरण में इस पत्र को विशेष गहन पुनरीक्षण या किसी नीतिगत विषय से संबंधित नहीं बताया गया, बल्कि इसे एक अधिकारी की प्रशासनिक कार्यप्रणाली से जुड़ा आंतरिक मामला बताया गया है।

प्रपत्र-6 पर भी रखी बात

रचना मेवाड़ा ने प्रपत्र-6 को लेकर भी स्थिति स्पष्ट करने की बात कही। उन्होंने कहा कि "प" के दौरान मतदाताओं से संबंधित निर्धारित प्रक्रिया के तहत दस्तावेज लिए जा रहे हैं। चुनाव आयोग ने "प" को पात्र मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने वाली प्रक्रिया बताया है और बूथ स्तर के अधिकारियों के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंचने की व्यवस्था की है।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं से जुड़े विषयों पर आधिकारिक जानकारी के आधार पर बात करनी चाहिए। पत्रकार वार्ता में भाजपा मीडिया प्रभारी प्रिंसेश राठौर और भाजपा नेता सुरेंद्र मेवाड़ा मौजूद रहे।

नई निर्माण तकनीक पर ठेकेदारों को किया जागरूक

डीआर संवाददाता› सीहोर

श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंस, सीहोर में हेडलबर्ग सीमेंट इंडिया (माईसेम सीमेंट) की ओर से जिले के प्रतिष्ठित ठेकेदारों के लिए तकनीकी सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें निर्माण कार्यों में नई तकनीकों के उपयोग और भवनों को मजबूत व भूकंपरोधी बनाने के तरीकों की जानकारी दी गई।

सम्मेलन में विशेषज्ञों ने बताया कि निर्माण सामग्री के साथ सीमेंट का उचित तरीके से उपयोग करने से भवन की मजबूती और टिकाऊपन बढ़ाया जा सकता है। ठेकेदारों को आधुनिक निर्माण तकनीक और गुणवत्ता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी ठेकेदारों को तकनीकी सेमिनार में शामिल होने के प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में कंपनी के मध्यप्रदेश सेल्स एवं मार्केटिंग हेड नितेश, टेक्निकल हेड देवेंद्र अवस्थी और सीहोर जिले के तकनीकी अधिकारी नरेंद्र सोलंकी मौजूद रहे। यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. राजेश शर्मा ने शुभकामनाएं दीं। सिविल विभागाध्यक्ष डॉ. विकास पाटीदार और प्रोफेसर रोशनी राय भी उपस्थित रहीं।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विनी कृष्ण पक्ष 04-2083 सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 30 सितम्बर 2026

न्यूज गैलरी

वार्ड 28 में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

सीहोर। भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 28 स्थित एवं आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, भाजपा पदाधिकारियों, मातृशक्ति-बहनों बच्चों ने सहभागिता की। प्रदेश में सशक्त आंगन मिलन सेवा के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों को सेवा, पोषण और जवाबदारी से जोड़ने के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा की मजबूत आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि माताओं और बच्चों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को मिलकर प्रयास करना चाहिए। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और जनकल्याण की भावना पहुंचाना है।

विश्व क्लीनअप डे पर अनिक मिल्क ने चलाया स्वच्छता अभियान

बुधनी। विश्व क्लीनअप डे के अवसर पर मंगलवार को अनिक मिल्क प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड भोपाल शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा मुक्तिधाम घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में अनिक मिल्क एजेंसी संचालक, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भी सहभागिता की। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल लोगों ने मुक्तिधाम परिसर में फैला कचरा एकत्रित किया और स्वच्छता का संदेश दिया। अनिक मिल्क प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों द्वारा अभियान में शामिल स्थानीय जनप्रतिनिधियों का स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता सतीश गुप्ता, नगर परिषद उपाध्यक्ष [illegible] शर्मा, मनीष बाजपेई, नितिन श्रीवास्तव, अशोक यादव, पवन जाट, करण गोस्वामी, नीरज कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

नवरात्रि में दो दिवसीय जवश्री भजन संध्या का आयोजन

आष्टा। जगत जननी माँ भवानी मातारानी की भक्ति एवं उनकी आराधना के पर्व नव रात्रि में 12 एवं 13 अक्टूबर 2026 को आष्टा नगर के मानस भवन में जवश्री महोत्सव के तहत भव्य जवश्री भजन संध्या का आयोजन किया गया है। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी जवश्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य अवधनारायण सोनी, जितेन्द्र सोनी दादा दयालु, महेश सोनी, सुभाष सोनी ने जानकारी देते हुए बताया की नव रात्रि पर्व में 12 एवं 13 अक्टूबर को जवश्री महोत्सव के तहत रात्रि में 8 बजे से देश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका आशा वैष्णव एवं अनुष्का-अमिषा की विशाल भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। आष्टा के सुप्रसिद्ध सराफा व्यापारी, समाज सेवी जवश्री परिवार ने नगर के नागरिकों, मातारानी के भक्तों सपरिवार दोनों दिन अधिक से अधिक संख्या में आयोजित भजन संध्या में शामिल होने की अपील की है।

कथा

बुजुर्गों से विद्यार्थियों ने सुने जीवन के अनुभव, संस्कार और परिवार के महत्व पर हुआ संवाद

राजेंद्र अग्रवाल बोले - बुजुर्ग समाज की रीढ़, उनके अनुभवों के बिना आधुनिक समाज दिशाहीन हो जाएगा

डीआर संवाददाता» **सीहोर।**

समाज की प्रगति केवल आधुनिक तकनीक और नई पीढ़ी की उपलब्धियों से नहीं होती, बल्कि बुजुर्गों के अनुभव, संस्कार और मार्गदर्शन भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बुजुर्ग परिवार और समाज की मजबूत नींव हैं। उनके अनुभव आने वाली पीढ़ियों को जीवन में सही दिशा देने का काम करते हैं। यह बात [illegible] स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में सामाजिक न्याय विभाग के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय 'संकल्प पीढ़ी संवाद-अनुभव से भविष्य की ओर' महोत्सव के छठवें दिन समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल राजा सेठ ने कही। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग समाज की रीढ़ की तरह हैं। जिस प्रकार रीढ़ के बिना शरीर का संतुलन संभव नहीं है, उसी तरह बुजुर्गों के अनुभव और मार्गदर्शन के बिना परिवार और समाज की व्यवस्था मजबूत नहीं रह सकती। आधुनिक समाज तकनीक और गति के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, लेकिन नई पीढ़ी की ऊर्जा और बुजुर्गों के अनुभव के बीच संतुलन जरूरी है।

विद्यार्थियों और बुजुर्गों के बीच आत्मीय संवाद

महोत्सव के छठवें दिन विद्यार्थियों और बुजुर्गों के बीच विशेष संवाद आयोजित किया गया। बच्चों ने बुजुर्गों से उनके जीवन के अनुभव, संघर्ष, परिवार और पारिवारिक मूल्यों से जुड़े विषयों पर चर्चा की। बुजुर्गों ने भी विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उन्हें संस्कार, अनुशासन, मेहनत, सेवा तथा परिवार के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान संस्कार मंच प्रभारी मनोज दीक्षित मामा, केंद्र के आकाश राय, अजय मीना, रितेश महेश्वरी, राजेंद्र गौर, दीपक गौर और कमलेश राय सहित अन्य लोगों ने समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल, आईईएस विद्यालय के शुभ कुशवाह, सौरभ शर्मा और अंकित चौहान का स्वागत एवं सम्मान किया।

पितरों की स्मृति में अच्छे कार्य करने का संदेश

कार्यक्रम में पंडित सुनील पाराशर ने श्राद्ध पक्ष के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस अवधि में अच्छे कार्य करने चाहिए और किसी का दिल नहीं दुखाना चाहिए। भगवान की भक्ति के साथ अपने पितरों का स्मरण करते हुए उनके आशीर्वाद की कामना करनी चाहिए। उन्होंने श्राद्ध पक्ष से जुड़े धार्मिक और सामाजिक महत्व की जानकारी भी उपस्थित लोगों को दी।

छह दिनों में अलग-अलग विषयों पर संवाद

केंद्र के संचालक राहुल सिंह ने बताया कि सात दिवसीय महोत्सव के छह दिनों में बुजुर्गों, विद्यार्थियों और युवाओं के बीच विभिन्न विषयों पर संवाद और गतिविधियां आयोजित की गईं। शहर और आसपास के क्षेत्रों से आए वक्ताओं ने विद्यार्थियों और बुजुर्गों के साथ विचार साझा किए। आयोजन का उद्देश्य पीढ़ियों के बीच संवाद बढ़ाना, बुजुर्गों के अनुभव नई पीढ़ी तक पहुंचाना तथा बच्चों में परिवार, संस्कार, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

आज होगा महोत्सव का समापन

राहुल सिंह ने बताया कि बुधवार को सुबह 11:30 बजे सात दिवसीय संकल्प पीढ़ी संवाद महोत्सव का समापन होगा। इस दौरान महोत्सव की गतिविधियों और संवाद कार्यक्रमों के अनुभव साझा किए जाएंगे। साथ ही बुजुर्गों और विद्यार्थियों के बीच बने आत्मीय संबंधों को आगे भी बनाए रखने का संकल्प लिया जाएगा।

अवैध वसूली का आरोप, स्टांप वेंडरों ने आधे दिन बंद रखे प्रतिष्ठान

डीआर संवाददाता» **आष्टा।**

तहसील न्यायालय परिसर में से मंगलवार को स्टांप वेंडर, सर्विस व प्रोवाइडर और अभिभाषकों ने एक युवक पर जातिसूचक शब्दों के प्रयोग, गाली-गलौज और अवैध वसूली के आरोप लगाए। विरोध में स्टाम्प वेंडरों और सर्विस प्रोवाइडरों ने आधा दिन अपने प्रतिष्ठान बंद न रखे और पुलिस-प्रशासन से कार्रवाई की मांग की।

सर्विस प्रोवाइडरों ने पहले आष्टा थाने पहुंचकर थाना प्रभारी रविंद्र यादव को घटनाक्रम की जानकारी दी। इसके बाद एसडीओपी दामोदर गुप्ता, एसडीएम महोदय प्रताप सिंह किरार और तहसीलदार रामलाल पगारे को अलग-अलग ज्ञापन सौंपे।

सर्विस प्रोवाइडर प्रेम सिंह मदगुर्जर ने बताया कि नोटरी कार्य को लेकर विवाद हुआ था। उनका आरोप है कि संबंधित व्यक्ति प्रतिदिन रुपयों की मांग करता है और आरटीआई सहित अन्य माध्यमों से परेशान करता है।

अभिभाषक दिनेश कुमार भूतिया ने कहा कि तहसील परिसर में पहले भी ऐसी स्थिति बन चुकी है। प्रशासन को मामले में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। ज्ञापन देने वालों में प्रेम सिंह मदगुर्जर, दिनेश भूतिया, जितेंद्र सिंह, दीपक मेहिल, योगेश भूतिया, चौहान, पवन मालवीय, सुजान सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

टीएल बैठक में किसानों की समस्याओं के समय पर निराकरण और योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश

डीआर संवाददाता» **सीहोर**

जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने विभिन्न विभागों के कार्यों, योजनाओं और लंबित शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और आमजन से प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया जाए। अधिकारियों को लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए।

किसानों को समय पर मिले खाद-बीज

कलेक्टर ने जिले में खाद और बीज की उपलब्धता तथा वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों की आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण खाद और प्रमाणित बीज उपलब्ध कराया जाए। वितरण में पारदर्शिता रखी जाए और किसानों को खाद-बीज लेने में किसी तरह की परेशानी न हो। संबंधित अधिकारियों से मांग और उपलब्धता के बीच संतुलन बनाए रखने को कहा गया।

सोयाबीन खरीदी की भी समीक्षा

बैठक में कृषि उपज मंडियों में सोयाबीन की खरीदी, आवक और किसानों को किए जा रहे भुगतान की स्थिति की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मंडियों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने और किसानों की शिकायतों का तत्काल निराकरण करने को कहा गया।

सेवा संकल्प और जनविश्वास अभियान पर जोर

कलेक्टर ने सेवा संकल्प अभियान और मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों, जनसमस्याओं और नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही शासकीय सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनों और समस्याओं का गंभीरता से निराकरण किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिले। अधिकारियों को मैदानी क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर ग्रामीणों से सीधे संवाद करने और मौके पर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए गए।

संबल और श्रम योगी योजना की समीक्षा

मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना और प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पात्र श्रमिकों का पंजीयन बढ़ाने और लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। योजनाओं के लाभ की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार करने को भी कहा गया। बैठक में भूमि आवंटन और निर्माणाधीन निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों का नियमानुसार शीघ्र निराकरण और स्वीकृत निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, संयुक्त कलेक्टर [illegible], एसडीएम [illegible], डिप्टी कलेक्टर [illegible] सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

स्कूल में रंगोली, ड्राइंग, पेंटिंग और मेहंदी - प्रतियोगिता आयोजित की गई

डीआर संवाददाता» **आष्टा।**

नगर पालिका परिषद की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत वार्ड 18 स्थित शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में रंगोली, ड्राइंग, पेंटिंग और मेहंदी - प्रतियोगिता आयोजित की गई।

विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत अभियान, सशक्त भारत और 2047 का भारत विषय पर अपनी रचनात्मक प्रतिभा दिखाई। कलाकृतियों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और विकसित भारत की परिकल्पना को उकेरा गया। नपा की टीम ने कलाकृतियों का मूल्यांकन कर प्रत्येक विधा से तीन-तीन प्रतिभागियों का चयन किया। चयनित विद्यार्थियों को आगामी कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। आयोजन नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा और सीएमओ विनोद प्रजापति के निगरानी में हुआ। मार्गदर्शन तथा पार्षद रवि शर्मा की।

विद्यालय के सुनील शर्मा, रेखा बागवान और रीना नामदा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में जनजागरूकता टीम से राजकुमार अकेला, अनीता सोलंकी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

कांग्रेस की आपत्ति के बाद भाजपा ने बदला प्रेसवार्ता का स्थान

जिला पंचायत सभाकक्ष की जगह भाजपा कार्यालय में हुई बैठक, एसआईआर पर पार्टी ने रखा पक्ष

डीआर संवाददाता» **सीहोर**

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कांग्रेस और विपक्ष के आरोपों के बीच भाजपा ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता आयोजित कर अपना पक्ष रखा। पत्रकार वार्ता पहले जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रस्तावित थी, लेकिन कांग्रेस की आपत्ति के बाद इसका स्थान बदलकर भाजपा जिला कार्यालय कर दिया गया। यहां जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा ने भाजपा मीडिया प्रभारी जितेंद्र राठौर और भाजपा नेता सुरेंद्र मेवाड़ा के साथ पत्रकारों से चर्चा की।

रचना मेवाड़ा ने कहा कि एसआईआर को लेकर कांग्रेस और विपक्ष की ओर से भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने चुनाव आयोग के स्पष्टीकरण का हवाला देते हुए कहा कि एसआईआर से जुड़े प्रमुख निर्णय आयोग के सभी सदस्यों की सहमति से लिए गए हैं। उन्होंने 26 सितंबर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों चुनाव आयुक्तों की बैठक के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य का भी उल्लेख किया।

कैबिनेट सचिव को पत्र पर भी उठाया मुद्दा

मेवाड़ा ने कहा कि कैबिनेट सचिव को भेजे गए पत्र को लेकर भी भ्रम की स्थिति बनाई गई। उनके अनुसार, चुनाव आयोग के स्पष्टीकरण में इसे एसआईआर या किसी नीतिगत विषय से संबंधित नहीं, बल्कि प्रतिनियुक्त अधिकारी की प्रशासनिक कार्यप्रणाली से जुड़ा आंतरिक मामला बताया गया है।

श्रद्धालुओं का सम्मान

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत वाराणसी रवाना हुए 196 श्रद्धालु

सीहोर नगर से 21 श्रद्धालु शामिल, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

डीआर संवाददाता» **सीहोर**

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत मंगलवार को सीहोर जिले के श्रद्धालुओं को वाराणसी की धार्मिक यात्रा के लिए रवाना किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने तीर्थयात्रियों को हरी झंडी दिखाकर यात्रा के लिए रवाना किया। यात्रा में सीहोर नगर से 21 श्रद्धालु शामिल हुए, जबकि पूरे जिले से कुल 196 तीर्थयात्री वाराणसी के लिए रवाना हुए।

रवाना होने के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह नजर आया। तीर्थयात्रियों ने यात्रा की सफलता और सुखद यात्रा की कामना की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल है। इसके माध्यम से ऐसे वरिष्ठ नागरिकों और श्रद्धालुओं को प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर मिलता है, जो व्यक्तिगत रूप से तीर्थ यात्रा करने में सक्षम नहीं हो पाते। राठौर ने कहा कि वाराणसी जैसे धार्मिक स्थल की यात्रा श्रद्धालुओं के लिए आस्था और आध्यात्मिक अनुभव का अवसर है।

उन्होंने सभी तीर्थयात्रियों को सुरक्षित और मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ की नगरी में दर्शन कर सकारात्मक ऊर्जा के साथ लौटें।

इस अवसर पर नगर पालिका के पार्षद और कर्मचारी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने तीर्थयात्रियों का स्वागत कर उन्हें यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से समय-समय पर प्रदेश के श्रद्धालुओं को विभिन्न धार्मिक और तीर्थ स्थलों की यात्रा कराई जाती है। योजना के तहत नागरिकों को अपने आराध्य और प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है।

खेल युवाओं में अनुशासन और भाईचारा विकसित करता है, परमार

डीआर संवाददाता» **आष्टा**

आष्टा राज्यस्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का तीसरा दिन उत्साह और रोमांच से भरा रहा। परमार फैन क्लब और हमजा ओटो - पार्ट्स के बीच मुकाबला हुआ। मैच का शुभारंभ पूर्व नपा अध्यक्ष - कैलाश परमार के मुख्य आतिथ्य में हुआ। आयोजक शेख आसिफ ने मुख्य अतिथि कैलाश परमार का साफा बांधकर और पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद

अतिथियों का दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय कराया गया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कैलाश परमार ने कहा कि खेल केवल हार-जीत नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाता है। इस अवसर पर सकल समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह, सुनील प्रजापति, अर्जुन सिंह, तौफिक उद्दीन, फैज उद्दीन, शेख राजा सहित सैकड़ों खेलप्रेमी मौजूद रहे।

डिजीटल अखबार

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ

आश्विनी कृष्ण पक्ष-04 -2083

विदिशा,बुधवार,दिनांक,30 सितंबर,2026

न्यूज गैलरी

बच्चों को बांटे लाडली लक्ष्मी प्रमाण पत्र

विदिशा। आनन्दपुर मंडल ग्रामीण क्षेत्र के अहमदपुर आंगनबाड़ी केंद्र पर सेवा संकल्प अभियान के बच्चों को लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में आनन्दपुर मंडल अध्यक्ष रामेश्वर सिंह किरार, मंडल महामंत्री प्रतिनिधि रणवीर पवार, उपाध्यक्ष त्रिलोक कुशवाहा, मंत्री तुलसीराम लोधी, मीडिया प्रभारी दशरथ सेन, युवा नेता मनोज प्रजापति व अभिषेक शर्मा सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका मौजूद रहीं। वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण, शिक्षा और मातृशक्ति के सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

नेत्र परीक्षण शिविर 131 मरीजों की जांच

ग्यारसपुर। शासकीय अस्पताल ग्यारसपुर में स्वर्गीय नारायण सदाशिव सिनारे सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर-लटेरी ने मोतियाबिंद निवारण एवं नेत्र परीक्षण शिविर लगाया। डॉक्टर दिलीप सेन, नेत्र सहायक रजनीश भार्गव सहित टीम ने 131 से अधिक मरीजों की जांच की। इनमें 56 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण मिले, जिन्हें आगे के उपचार के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में 29 मरीजों को निःशुल्क चश्मे और 40 को दवाइयां वितरित की गईं। मरीजों का ब्लड प्रेशर और शुगर परीक्षण भी किया गया। कैंप प्रभारी लखन शर्मा ने व्यवस्थाएं संभालीं।

आंगनबाड़ी में मनाया जा रहा आंगन उत्सव

ग्यारसपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्यारसपुर ब्लॉक की आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगन का मिलन उत्सव मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जा रहा है। केंद्रों पर मिलने वाले पोषण आहार और 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल के महत्व की जानकारी दी जा रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधि व महिलाएं केंद्रों पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं का सम्मान कर रही हैं। बच्चों को फल व टॉफियां भी वितरित की जा रही हैं। अभियान ग्यारसपुर, हैदरगढ़, गुलाबगंज व मोहनपुर सहित विभिन्न सेक्टरों में चल रहा है।

रंगई आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यक्रम आयोजित

विदिशा। आंगनबाड़ी केंद्र रंगई में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम हुआ। इसमें महिलाओं से विभागीय योजनाओं, पोषण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा को लेकर चर्चा की गई। लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। लाडली बालिकाओं

न्यायालयीन मामला लंबित, फिर भी बालाजी पैराडाइज का गेट तोड़ा

कमीशन रिपोर्ट और तीन बार की नपती में गेट अतिक्रमण में नहीं मिला, कार्रवाई से 300 परिवारों की सुरक्षा को लेकर चिंता

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

बालाजी पैराडाइज कॉलोनी के गेट को लेकर चल रहे न्यायालयीन विवाद के बीच मंगलवार को एनएचएआई और नगरपालिका की टीम ने जेसीबी से कॉलोनी का गेट और बाउंड्री तोड़ दी। कॉलोनी प्रबंधन और रहवासियों का आरोप है कि कार्रवाई से पहले उन्हें किसी तरह की सूचना या नोटिस नहीं दिया गया। उनका कहना है कि मामला निचली अदालत के साथ उच्च न्यायालय में भी लंबित है। ऐसे में अचानक की गई कार्रवाई को लेकर कॉलोनीवासियों में नाराजगी है।

मंगलवार को अधिकारी जेसीबी लेकर बालाजी पैराडाइज कॉलोनी पहुंचे और गेट व बाउंड्री पर कार्रवाई की। कॉलोनीवासियों के अनुसार कार्रवाई की जानकारी पहले से नहीं दी गई थी। अचानक गेट तोड़े जाने के बाद कॉलोनी में रहने वाले करीब 300 परिवारों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। रहवासियों का कहना है कि गेट कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा था।

न्यायालय के निर्देश पर हुई जांच का दिया हवाला

कॉलोनाइजर मनोज जैन ने कहा कि बालाजी पैराडाइज से संबंधित मामला विदिशा की निचली अदालत और उच्च न्यायालय में लंबित है। उनके अनुसार, न्यायालय के निर्देश पर मौके का निरीक्षण कराया गया था। इसमें तैयार की गई कमीशन रिपोर्ट में गेट को निजी भूमि पर निर्मित बताया गया था। इसके अलावा पूर्व में तीन बार कराई गई नपती और सीमांकन में भी गेट को अतिक्रमण के दायरे में नहीं पाया गया था।

मनोज जैन का कहना है कि इन परिस्थितियों के बावजूद बिना पूर्व सूचना के गेट और बाउंड्री को तोड़ दिया गया। उन्होंने कार्रवाई के दौरान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि पूरे मामले की जांच होनी चाहिए।

न्यायालय की शरण लेने की बात

कॉलोनाइजर ने कहा कि अचानक हुई कार्रवाई से कॉलोनी में रहने वाले लगभग 300 परिवार प्रभावित हुए हैं। गेट टूटने से उनकी सुरक्षा व्यवस्था पर असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के खिलाफ न्यायालय की शरण ली जाएगी। साथ ही एनएचएआई, नगरपालिका और संबंधित अधिकारियों की भूमिका तथा कार्रवाई की वैधानिकता की न्यायिक जांच की मांग की जाएगी।

लंबित प्रकरण के बीच कार्रवाई पर उठे सवाल

कॉलोनी प्रबंधन का कहना है कि जब किसी संपत्ति से संबंधित मामला न्यायालय में विचाराधीन होता है तो उसके संबंध में अंतिम निर्णय आने तक स्थिति बनाए रखने का सवाल महत्वपूर्ण हो जाता है। बालाजी पैराडाइज मामले में भी उच्च न्यायालय में प्रकरण लंबित होने का हवाला दिया जा रहा है। इसके बावजूद मंगलवार को गेट और बाउंड्री तोड़े जाने से विवाद और बढ़ गया है।

फिलहाल कार्रवाई के बाद कॉलोनीवासियों की ओर से न्यायालय जाने की बात कही गई है। मामले में एनएचएआई और नगरपालिका का पक्ष सामने आने के बाद कार्रवाई के आधार और प्रशासनिक प्रक्रिया की स्थिति और स्पष्ट

वन विकास निगम ने 30 हेक्टेयर वन भूमि से हटाया अतिक्रमण

डीआर संवाददाता ■ लटेरी

वन विकास निगम विदिशा-रायसेन ने रविवार को बरेठ क्षेत्र में बेदखली की कार्रवाई करते हुए करीब 30 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने का दावा किया है। कार्रवाई बीट मुरूखेड़ी और सेमरी अहीर के कक्ष क्रमांक पीएफ-336, 338 और परियोजना परिक्षेत्र लटेरी के पास 331 में की गई।

कार्रवाई के दौरान वन भूमि पर लगी बाड़ हटाई गई और ट्रैक्टर चलाकर बोई गई फसल नष्ट की गई। किसानों ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि वे लंबे समय से इस भूमि पर खेती कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। किसानों का सवाल है कि करीब तीन महीने पहले जब भूमि पर फसल बोई जा रही थी, तब विभाग का अमला मौके पर क्यों नहीं पहुंचा। फसल तैयार होने के बाद कार्रवाई किए जाने को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाए हैं।

महिला वनकर्मी का वीडियो वायरल

बेदखली कार्रवाई के दौरान सामने आए एक वीडियो को लेकर विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। वीडियो में एक महिला वनकर्मी खेत में खड़ी मक्का की फसल से भुट्टे तोड़ती नजर आ रही है। पीछे से एक कर्मचारी उन्हें वर्दी में होने और रिकॉर्डिंग किए जाने की चेतावनी देता सुनाई देता है। इसके बावजूद महिला कर्मचारी भुट्टे तोड़ती दिखाई दे रही है। हालांकि वीडियो की सत्यता और उसमें नजर आ रहे कर्मचारियों की आधिकारिक पहचान की पुष्टि होना बाकी है।

संयुक्त कार्रवाई परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी माया शुक्ला के नेतृत्व में की गई। इसमें लटेरी, गढ़ी और बेगमगंज परिक्षेत्र का स्टाफ तथा उत्तरनपहरा प्रभारी दिनेश सिंह खंगार की टीम शामिल रही। विभाग ने कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से पूरी होने का दावा किया है। वहीं, किसानों की

सर्व समाज ने निकाली रैली, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता ■ गंजबासौदा

यूजीसी एक्ट 2026 के विरोध में मंगलवार को सर्व समाज की ओर से रैली निकाली गई। रैली शीतला माता मंदिर से शुरू होकर तहसील परिसर पहुंची। यहां एसडीएम अनुभा जैन को ज्ञापन सौंपकर एक्ट में आवश्यक सुधार करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि किसी व्यक्ति के खिलाफ शिकायत मिलने मात्र से उसे दोषी नहीं माना जाना चाहिए। संबंधित व्यक्ति को अपना पक्ष रखने, साक्ष्य प्रस्तुत करने और अपील का अवसर मिलना चाहिए। समाज ने शिकायतों की जांच निष्पक्ष, स्वतंत्र और तय समय सीमा में कराने की मांग की। ज्ञापन में झूठी या दुर्भावनापूर्ण शिकायतों पर रोक लगाने के साथ ऐसी शिकायत करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान करने की मांग भी की गई। सर्व समाज ने ज्ञापन में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि अदालत ने यूजीसी एक्ट 2026 के लागू होने पर रोक लगाकर 2012 के नियमों को जारी रखा है।

वाहनों की नीलामी पर सवाल, कलेक्टर ने जांच के निर्देश

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

नगर पालिका के 41 पुराने वाहनों की नीलामी और स्क्रैप प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। नेता प्रतिपक्ष प्रवीण माहेश्वरी और जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कलेक्टर को शिकायत देकर पूरी प्रक्रिया की जांच की मांग की है। शिकायत के बाद कलेक्टर ने मामले की जांच के लिए एसडीएम को निर्देश दिए हैं। नगरपालिका के 41 कंडम वाहनों की नीलामी के लिए जारी निविदा में अनुमानित राशि 18 लाख रुपए रखी गई थी। निविदा प्रक्रिया में दो बोलियां प्राप्त हुईं और सबसे कम बोली 21 लाख 11 हजार 121 रुपए रही। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि वाहनों की बिक्री और स्क्रैप प्रक्रिया में नियमों का पालन नहीं किया गया। उनका कहना है कि पुराने सरकारी वाहनों के निस्तारण, स्क्रैप प्रमाणपत्र और आरटीओ से संबंधित औपचारिकताओं की भी जांच की जानी चाहिए। कांग्रेस ने प्रक्रिया में जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच कर कार्रवाई की मांग की

कुरवाई में लाखों की चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

350 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले, 15 लाख के जेवर और 40 हजार रुपए नकद बरामद

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

कुरवाई पुलिस ने सूने मकान में हुई लाखों रुपए की चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 15 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और 40 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं।

मेहलुआ चौराहा निवासी देवेंद्र दांगी ने 30 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वे 24 अगस्त को अपने छोटे भाई के पास गंजबासौदा गए थे। 25 अगस्त को लौटने पर घर का दरवाजा टूटा मिला। जांच करने पर अलमारी में रखे जेवर और नकदी गायब मिली।

चोरी का सुराग लगाने पुलिस ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 350 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले और 150 से ज्यादा व्यक्तियों से पूछताछ की। तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण के बाद मेहलुआ चौराहा निवासी 25 वर्षीय आशीष रैन की पहचान हुई।

पुलिस ने 28 सितंबर को आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया। इसमें सोने का हार, मंगलसूत्र, झुमकी, टॉप्स, अंगूठियां और चांदी की पायल, बिछुड़ी व करधोनी सहित अन्य आभूषण शामिल हैं। आरोपी को 29 सितंबर को न्यायालय में पेश किया गया।

एसएटीआई में रक्तदान शिविर आज

विदिशा। एसएटीआई पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर श्रीमंत माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि के अवसर पर 30 सितंबर 2026 को सुबह 11 बजे महाविद्यालय परिसर में आयोजित होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी कुलेश प्रजापति ने बताया कि शिविर में विद्यार्थी, स्टाफ एवं अन्य इच्छुक लोग स्वेच्छा से रक्तदान कर सकेंगे।

अनाज-तिलहन व्यापार संघ चुनाव में 6 ने नाम वापस

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

अनाज तिलहन व्यापार उत्थान संघ विदिशा के त्रिवार्षिक चुनाव में नाम वापसी के बाद तस्वीर साफ हो गई है। नामांकन पत्रों की जांच के बाद छह प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिए। अब अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष और मंत्री पद के लिए दो-दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

निर्वाचन अधिकारी घनश्याम बंसल और विनोद राजपूत ने बताया कि संघ के चुनाव के लिए 4 अक्टूबर को मतदान कराया जाएगा। संघ में करीब 300 अनाज व्यापारी सदस्य हैं, जो चुनाव में मतदान करेंगे।

संघ किसानों को उनकी उपज का भुगतान सुनिश्चित कराने में भी सहयोग करता है। इसके लिए संघ ने करीब 70 से 80 लाख रुपए की प्रतिभूति राशि एफडी के रूप में जमा कर रखी है। यदि कोई व्यापारी किसान की उपज का भुगतान उसी दिन नहीं करता और किसान इसकी शिकायत मंडी में करता है, तो निर्धारित प्रक्रिया के तहत संघ की ओर से भुगतान की व्यवस्था की जाती है। नाम वापसी के बाद अब सभी प्रमुख पदों पर दो-दो प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला है। मतदान के बाद नई कार्यकारिणी का चयन किया

कृमिमुक्ति दिवस 6 को, बच्चों को दवा खिलाएंगे

राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस 6 अक्टूबर को मनाया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी। अभियान के तहत बच्चों को कृमिनाशक दवा आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में खिलाई जाएगी। सभी को दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

पीआनाला के आदिवासी छात्र का मल्लखंब में चयन

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

जिले के ग्रामीण और आदिवासी अंचल की खेल प्रतिभाएं अब बड़े मंचों तक पहुंच रही हैं। पीआनाला गांव निवासी आदिवासी छात्र इतलोक आदिवासी का मल्लखंब विधा के लिए आगामी पारंपरिक एवं स्वदेशी खेल आयोजन में चयन हुआ है। चयन के बाद इतलोक अहमदाबाद में आयोजित होने वाले आयोजन में मल्लखंब में भाग लेकर देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इतलोक की उपलब्धि से उनके परिवार और गांव में उत्साह का माहौल है। ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर बड़े खेल आयोजन तक पहुंचने को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। मल्लखंब में शारीरिक शक्ति के साथ संतुलन, लचीलापन और एकाग्रता की जरूरत होती है। नियमित अभ्यास और अनुशासन के माध्यम से इतलोक ने इस विधा में अपनी प्रतिभा विकसित की।

फाउंडेशन से मिला प्रशिक्षण

इतलोक की खेल यात्रा में पहल सेवा फाउंडेशन के प्रयास अग्रवाल की भूमिका महत्वपूर्ण रही। फाउंडेशन की ओर से ग्रामीण और आदिवासी बच्चों को पारंपरिक खेलों से जोड़ने तथा प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराने की पहल की गई। इसी दौरान इतलोक को मल्लखंब का प्रशिक्षण मिला।

नियमित अभ्यास और मेहनत के बाद इतलोक ने प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ने का अवसर हासिल किया। उनके चयन से क्षेत्र के अन्य बच्चों और युवाओं में भी पारंपरिक खेलों के प्रति रुचि बढ़ने की उम्मीद है। यह उपलब्धि ग्रामीण अंचल में मौजूद खेल प्रतिभाओं को उचित प्रशिक्षण और अवसर मिलने के महत्व को भी सामने लाती है।

जन सुनवाई

जनसुनवाई में आई शिकायतों पर समय-सीमा में कार्रवाई के निर्देश

पट्टे की जमीन पर कब्जे की शिकायत, कलेक्टर ने फसल कटवाकर आवेदक को कब्जा दिलाने के दिए निर्देश

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

कलेक्ट्रेट में मंगलवार को हुई जनसुनवाई में जिलेभर से पहुंचे लोगों ने जमीन, फसल, बैंक ऋण, बिजली, आवास और सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आवेदकों की शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कई मामलों में मौके पर ही समाधान की प्रक्रिया शुरू कराई गई।

लटेरी तहसील के ग्राम कोलापुरा निवासी बाबूलाल प्रजापति ने पट्टे की चार बीघा जमीन पर कब्जे और सोयाबीन की फसल काटने की धमकी की शिकायत की। उन्होंने बताया कि जमीन से जुड़े प्रकरण में वे न्यायालय से जीत चुके हैं, लेकिन अभी तक जमीन पर कब्जा नहीं मिल पाया है। कलेक्टर ने लटेरी एसडीएम से दूरभाष पर चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद जमीन पर बोई गई सोयाबीन की फसल कटवाकर आवेदक को कब्जा दिलाने की कार्रवाई शुरू की गई।

केसीसी की समस्या का समाधान

इमलिया निवासी पर्वत सिंह ने केसीसी से जुड़ी परेशानी और बैंक द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत की। जांच में सामने आया कि केनरा बैंक में उनका पुत्र के साथ संयुक्त खाता है और पुत्र का सिबिल स्कोर संतोषजनक नहीं होने से समस्या आ रही थी। बैंक अधिकारियों ने नया केसीसी खाता खुलवाने की सलाह दी।

नटेरन के खोजहा निवासी रतन सिंह कुशवाह ने तार फेंसिंग तोड़कर खड़ी फसल नष्ट करने की शिकायत की, जिस पर जांच के निर्देश दिए गए। ग्यारसपुर के मोहम्मदगढ़ निवासी फूल सिंह ने बिजली समस्या रखी।

आवास और अतिक्रमण से जुड़े आवेदन

विदिशा के रायपुर निवासी छत्तर सिंह ने नक्शे में बटान दर्ज कराने और नटेरन निवासी मोहन बाई ने कंप्यूटर खसरे में नाम दर्ज कराने की मांग की। आनंदपुर निवासी आशुतोष शर्मा ने शासकीय चौपाल की जमीन पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण रोकने का आवेदन दिया। मुखर्जीनगर निवासी ममता अहिरवार ने गरीबी रेखा का राशन कार्ड और टीलाखेड़ी नई बस्ती निवासी प्यारी बाई जाटव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पट्टा देने की

ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्तिकर को लेकर निजी स्कूल संचालकों ने उठाए सवाल

रजिस्ट्री और स्वामित्व स्पष्ट नहीं, किराए के भवन पर कर निर्धारण

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू किए गए संपत्तिकर को लेकर निजी स्कूल संचालकों ने सवाल उठाए हैं। जिले की विभिन्न तहसीलों से पहुंचे करीब 40 से 50 अशासकीय स्कूल संचालकों ने जनसुनवाई में जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कर निर्धारण की प्रक्रिया स्पष्ट करने की मांग की।

संचालकों का कहना है कि कई ग्रामीण क्षेत्रों में स्वामित्व योजना के तहत संपत्तियों की रजिस्ट्री नहीं हुई है। ऐसे में संपत्ति का स्वामी स्पष्ट नहीं होने के बावजूद स्कूल संचालकों से संपत्तिकर वसूली का आधार समझ से परे है। उन्होंने बताया कि कई स्कूल किराए के भवनों में संचालित हो रहे हैं और संचालक नियमित रूप से किराया चुका रहे हैं। संचालकों ने मांग की कि किराए के भवन पर संपत्तिकर नियमानुसार संपत्ति मालिक के नाम निर्धारित किया जाए। साथ ही शैक्षणिक उपयोग वाली संपत्तियों को नियमानुसार करमुक्त रखने या शैक्षणिक श्रेणी के अनुसार उचित कर लगाने की मांग की गई।

संचालकों ने संबंधित नियमों और आदेशों की प्रतियां भी अधिकारियों को दीं। कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने मामले को नियमानुसार देखने का आश्वासन दिया।

डिजीटल अखबार
डीआर राजगढ़
नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन   आश्विनी कृष्ण पक्ष-04 -2083   राजगढ़,दिन बुधवार,दिनांक 30 सितंबर ,2026

न्यूज गैलरी

जिला शतरंज में कौस्तुभने सभी मुकाबले जीते

राजगढ़। छापीहेड़ा में महाविद्यालयीन जिला शतरंज प्रतियोगिता में राजगढ़ के कौस्तुभगुप्ता ने सभी मुकाबले जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया। कौस्तुभ के प्रदर्शन के आधार पर की टीम अब संभाग स्तरीय उनकी अगुवाई में राजगढ़ जिले प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।

दुष्कर्म का 21 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

पचोर। पचोर पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में 21 साल से फरार चल रहे आरोपी नंदकिशोर साहू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी घटना के बाद से फरार था। फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस टीम को आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इसके आधार पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कार्रवाई थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक जगदीश गोयल, आरक्षक चेतन दुबे, प्रद्युम्न और अतुल गौर की भूमिका रही।

घर में चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

राजगढ़। कालीपीठ पुलिस ने घर का ताला तोड़कर चोरी करने की वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक बालक को भी अभिरक्षा में लिया गया है। 17 सितंबर को देवराज मीना के घर का ताला तोड़कर यह सामान चोरी किया गया था। मामले में पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे कैमरा फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों के साथ मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार पूछताछ में उसने साथियों के साथ चोरी करना स्वीकार किया।

राजगढ़ , मुंबई के राष्ट्रीय विहार सम्मेलन में शामिल होंगे

राजगढ़। मुंबई में आयोजित 14वें राष्ट्रीय विहार सम्मेलन में शामिल होने के लिए राजगढ़ से पांच विहार सेवकों का दल 1 अक्टूबर की रात मेघनगर से ट्रेन द्वारा रवाना होगा। दल 2 अक्टूबर को सम्मेलन में शामिल होगा। आचार्य रत्नसुंदरसूरीश्वरजी, आचार्य महाबोधिसूरी सहित साधु-साध्वी भगवंतों की निश्रा में सम्मेलन आयोजित होगा। विहार सेवक हेमंत बामरेचा ने बताया कि आचार्य महाबोधिसूरी की निश्रा में विगत 13 सालों से राष्ट्रीय विहार सम्मेलन आयोजित किया

आंगनबाड़ी केंद्र मोहनीपुरा में किया आयोजन, राज्यमंत्री पंवार हुए शामिल

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में पोषण स्वास्थ्य एवं सम्मान का

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड परियोजना ब्यावरा अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र मोहनीपुरा में आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र मोहनीपुरा में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार व अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन मुख्य अतिथि राज्यमंत्री पंवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों को राज्यमंत्री पंवार द्वारा आंगन मिलन सेवा एवं सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों तथा योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

पोषण किट का वितरण एवं हितग्राहियों का सम्मान कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं एवं धात्री

माताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पोषण किट वितरित कर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं लाड़ली बहना योजना की पात्र महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की गई। इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र की पोषण वाटिका में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों को पोषण वाटिका के महत्व तथा स्थानीय स्तर पर पौष्टिक आहार की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इसके संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रेरित किया गया।

बच्चों के लिए खेल एवं आनंदमयी गतिविधियां

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम को बच्चों के लिए आनंदमय एवं रोचक बनाने के उद्देश्य से विभिन्न खेल, मनोरंजन एवं आनंदमयी गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए खेल एवं गतिविधियों का आनंद लिया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ आंगनबाड़ी केन्द्र को समुदाय से जोड़ने का संदेश भी दिया गया।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया आयोजन

कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अमले ने स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम के माध्यम से पोषण, स्वच्छता, मातृ एवं शिशु देखभाल तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

सुल्तानिया में सरपंच पद के लिए मतदान, 8 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद

डीआर संवाददाता ■ सारंगपुर।

सुल्तानिया ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए मंगलवार को मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। पंचायत के चार मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदाताओं ने मतदान किया। कुल 2578 मतदाताओं में से करीब 1878 ने मतदान किया, जो लगभग 73 प्रतिशत रहा।

पूर्व सरपंच को जिला बदर किए जाने और पद से पृथक किए जाने के बाद पर्चों के माध्यम से सरपंच का चुनाव कराया गया था। इसके करीब दो माह बाद निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आम निर्वाचन कराया गया। क्षेत्र में सोयाबीन कटाई का काम चलने के कारण मतदान के दौरान मतदाताओं में अपेक्षाकृत कम उत्साह नजर आया।

सरपंच पद के लिए मैदान में उतरे आठ प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। मतदान संपन्न होने के बाद पुलिस और सुरक्षा बल की मौजूदगी में ईवीएम को सारंगपुर स्थित स्ट्रांग रूम में जमा कराया गया। अब 3 अक्टूबर को स्ट्रांग रूम में मतगणना होगी और परिणाम सामने आएगा। मतदान से एक दिन पहले पुलिस एवं प्रशासन ने मार्च निकालकर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान की अपील की थी।

लखनवास में आजीविका मिशन की वार्षिक सभा

"लखनवास।" मध्यप्रदेश दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मिलन सकुल संगठन की वार्षिक साधारण सभा हुई। इसमें अध्यक्ष रेखाबाई और सचिव मंजूबाई ने वर्षभर के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। बचत, बैंक लिंकेज, ऋण लेन-देन और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई। महिलाओं ने बताया कि आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद वे आत्मनिर्भर हुई हैं।

राजगढ़ मंडी में 4543 क्विंटल सोयाबीन की आवक, भाव 5800 रुपए

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़।

नई सोयाबीन की फसल अब मंडी में पहुंचने लगी है। मंगलवार को कृषि उपज मंडी में 4543 क्विंटल सोयाबीन की आवक दर्ज की गई। 261 किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और छोटे वाहनों से अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचे। मंडी प्रांगण प्रभारी लालसिंह सिसोदिया के अनुसार सोयाबीन के भाव 3800 रुपए से 5800 रुपए प्रति क्विंटल तक रहे, जबकि मॉडल भाव करीब 5000 रुपए रहा। किसानों की सुविधा के लिए तुलाई के दो कांटों की व्यवस्था की गई है।

क्षेत्र में हाल ही में हुई हल्की बारिश के बाद अधिकांश खेतों में सोयाबीन की फसल पककर तैयार हो गई है। किसानों के अनुसार इस बार कम बारिश के कारण उत्पादन पर असर पड़ा है। हालांकि फसल पूरी तरह खराब नहीं हुई, लेकिन सामान्य की तुलना में उपज कम मिली है। किसानों को औसतन एक बीघा में 3 से 4 क्विंटल सोयाबीन की उपज मिली है। भूरी मिट्टी वाले खेतों में उत्पादन अपेक्षाकृत कम रहने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ा।

बारिश के आंकड़ों के अनुसार 1 जून से अब तक कुल वर्षा करीब 550 मिमी बारिश दर्ज हुई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में करीब 930 मिमी बारिश हुई थी। यानी इस साल करीब 380 मिमी कम बारिश हुई है।

जन जल यात्रा के दौरान कपिलेश्वर घाट पर चला स्वच्छता अभियान

डीआर संवाददाता ■ सारंगपुर।

जन जल यात्रा के सारंगपुर पहुंचने पर कालीसिंध नदी किनारे स्थित कपिलेश्वर मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान घाट और मंदिर परिसर की साफ-सफाई के साथ पौधारोपण कर जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जन जल यात्रा गुजरात के बड़नगर से वाराणसी तक निकाली जा रही है। मंगलवार को यात्रा के सारंगपुर पहुंचने पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इसके बाद बाइक रैली के माध्यम से कलश लेकर नगर भ्रमण किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए।

अभियान में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर भी शामिल हुए। उन्होंने कपिलेश्वर घाट और मंदिर परिसर में सफाई की तथा भगवान कपिलेश्वर की पूजा-अर्चना की। पौधारोपण के दौरान पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। श्याम टेलर ने कहा कि नदियों और धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारी है। जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी लोगों को जागरूक होना चाहिए।

दादा की डांट से नाराज बच्चे रेलवे स्टेशन पहुचे, आरपीएफ ने समझाकर घर भेजा

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा।

राजगढ़ के अभयपुर निवासी तीन बच्चे ब्यावरा के एक निजी स्कूल में पढ़ते हैं। इनमें 10 वर्षीय बालक अपने दादा के पास रहता है, जबकि उसके साथ उसकी दो बुआ के बेटे भी रहते हैं।

मंगलवार को किसी बात को लेकर दादा ने 10 वर्षीय बालक को डांट दिया। इससे नाराज होकर वह दोनों भाइयों को लेकर रेलवे स्टेशन पहुंच गया।

स्कूल ड्रेस और बैग लेकर स्टेशन पर बैठे बच्चों को देखकर यात्रियों को मामला संदिग्ध लगा।

उन्होंने आरपीएफ को सूचना दी। आरपीएफ टीम मौके पर पहुंची और बच्चों से पूछताछ की। शुरुआत में बच्चे कुछ बताने को तैयार नहीं हुए। बाद में

उन्होंने बताया कि वे ट्रेन से अपनी बुआ के घर जाने के लिए स्टेशन आए हैं। जानकारी मिलने पर आरपीएफ ने परिजनों से संपर्क किया और बच्चों को सुरक्षित घर भेज दिया।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, कारोबारी का बेटा गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा।

सिटी थाना क्षेत्र के बाठीखाली निवासी कारोबारी के बेटे के खिलाफ 22 वर्षीय युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बाद आरोपी युवक विराम पिता मनीष अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल जांच के बाद मंगलवार को उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, युवती और आरोपी के बीच करीब डेढ़ साल से प्रेम प्रसंग था। युवती का आरोप है कि आरोपी ने उससे शादी करने का भरोसा दिया था। इस बीच जब युवती के परिवार में उसकी शादी की चर्चा शुरू हुई तो उसने आरोपी पर शादी के लिए दबाव बनाया। आरोप है कि युवक ने पहले बात टालने की कोशिश की और बाद में शादी से इनकार कर दिया। इसके बाद युवती ने सिटी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। टीआई शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर मेडिकल कराया गया, जिसके बाद उसे न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया गया।

शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो बेटे ने पिता से की मारपीट, इलाज के दौरान मौत

डीआर संवाददाता ■सारंगपुर।

ग्राम दयालडेही में बेटे की मारपीट में घायल बुजुर्ग पिता की इंदौर में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, शराब के लिए पैसे नहीं देने पर बेटे राजा मालवीय उर्फ सोनू ने अपने पिता रामलाल मालवीय के साथ मारपीट की थी। घटना के बाद से आरोपी फरार है। बताया गया कि सोमवार को राजा शराब के नशे में घर पहुंचा और पिता से शराब खरीदने के लिए पैसे मांगे। पिता ने पैसे देने से मना किया तो दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि बेटे ने पिता के साथ मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने डायल-112 की मदद से रामलाल को सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उन्हें शाजापुर रेफर किया गया। वहां से परिजन उन्हें इंदौर ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

सिकन्दीहान थाना प्रभारी गोविंद मीणा ने बताया कि मामले में पहले ही अपराध दर्ज किया जा चुका है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगा

सम्मान किया

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व महिलाओं का सम्मान, भाजपा सरकार ने बेटियों को लाड़ली लक्ष्मी और बहनों को लाड़ली बहना बनाया , सविता तायल

डीआर संवाददाता ■

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुए सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को वार्ड क्रमांक 9 और 10 पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा की पूर्व जिला मंत्री और इस अभियान की मंडल प्रभारी सविता तायल, भाजपा नेत्री पुष्पा मोहन पंवार, आशा शर्मा, पार्षद तारादेवी जाटव, रुचि बड़ोने, वरिष्ठ पार्षद सुनीता विश्वकर्मा, मोना अवस्थी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव, भाजपा वरिष्ठ नेता गोपाल जाटव, नव पार्षद प्रतिनिधि इकबाल हुसैन, युवा मोर्चा अध्यक्ष गिरराज लववंशी उपस्थित थे।

इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका, पोषण सखी सहित दीदियों के साथ स्थानीय महिलाओं और बुजुर्ग महिलाओं को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित सभी महिलाओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। पूर्व जिला मंत्री तायल कहा कि केंद्र सरकार विकसित भारत के संकल्प के साथ जनकल्याण के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री का संदेश भी सभी बहनों को सुनाया गया और मध्य प्रदेश की सरकार डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में काम कर रही है। भाजपा

सरकार ने प्रदेश की लाखों बेटियों को लाडली लक्ष्मी बनाया है और प्रदेश की करोड़ों बहनों को लाडली बहना योजना से जोड़ा है। हर महीने 1500 से रुपए बहनों को दिए जा रहे हैं। कार्यक्रम में

लिया संकल्प अभियान

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अर्चना यादव, रमूला चौरसिया, रीता जाटव, पूजा कुशवाह, बबली जाटव, मैडम श्रीवास आंगनबाड़ी सुपरवाइजर सरोज पाटिल सहित अन्य बहनें उपस्थित रहीं।

स्कूल जा रहे शिक्षक को रास्ता रोककर लाठी डंडों से पीटा, सीसीटीवी में कैद

डीआर संवाददाता ■राजगढ़

जीरापुर में स्कूल जा रहे 27 वर्षीय शिक्षक प्रदीप शर्मा को रास्ता रोककर कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से पीट दिया। घटना सोमवार सुबह बंसल कॉलोनी क्षेत्र की है। मंगलवार को सामने आए कैमरा फुटेज में एक युवक शिक्षक को रोककर हमला करता दिखाई दे रहा है। इसके बाद 3-4 अन्य लोग भी मौके पर पहुंचकर मारपीट करते नजर आ रहे हैं। वारदात के बाद आरोपी सफेद कार से फरार हो गए।

प्रदीप ने आरोप लगाया कि हमलावरों में उसका साला भी शामिल था। उसके अनुसार आरोपी जिस [illegible] कार से आए थे, वह उसके ससुर की है। शिक्षक ने बताया कि वह बाइक से स्कूल जा रहा था। घर से करीब 50 मीटर दूर एक युवक ने उसे रास्ता पूछने के बहाने रोका और हमला कर दिया। गिरने के बाद अन्य लोगों ने भी उसके साथ मारपीट की।

प्रदीप के हाथ में फ्रैक्चर हुआ है, जबकि पैर और कमर में भी चोट आई है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे राजगढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया।

शिक्षक ने ससुराल पक्ष पर पत्नी की पुरानी बीमारी की जानकारी छिपाने और धमकी देने के आरोप भी लगाए हैं। उसका कहना है कि इसी विवाद के चलते उस पर हमला किया गया। पुलिस कैमरा फुटेज, वाहन और घायल के बयान के आधार पर मामले की जांच कर रही है।